an>

Title: h Need to open one additional Navodaya Vidalaya in Nagaur district of Rajasthan.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : परम सम्माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं सबसे पहले आपको हृदय से धन्यवाद अर्पित करना चाहूंगा कि आपने मुझे मेरे क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण समस्या के बारे में बोलने का मौका दिया। नागौर संसदीय क्षेत्र जो राजस्थान का एक महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है, मैं वहां से बिलोंग करता हूं। इस जिले में 32 लाख से ज्यादा लोग हैं और यह दो सौ से ढाई सौ किलोमीटर लम्बाई-चोड़ाई में है। यह पौपुलेशन एंड एरिया वाइज़ राजस्थान के फर्स्ट फाइव डिस्ट्रिक्ट्स में है। यह जिला शिक्षा के लिहाज़ से काफी पिछड़ा हुआ है। इसमें आज भी गर्ल्स एजुकेशन बहुत पिछड़ी हुई है। हमने पिछले सात सालों से केन्द्रीय विद्यालय के लिए मांग रखी, लेकिन पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया। अब हमारी सरकार इस पर कार्यवाही कर रही है और सैंट्रल स्कूल खोलने पर विचार कर रही है। ऐसे समय में मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि इतने बड़े जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय सुदूरपूर्व एक कोने में आ गया है और डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर से डेढ़ सौ किलोमीटर दूर है। जवाहर नवोदय विद्यालय जनसंख्या और जिले के साइज को देखते हुए जिला मुख्यालय में खोला जाए, मैं आपके मार्फत माननीय एचआरडी मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा।